POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 06.04.2026

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओरिजिनल वेबसाइट www.upmsp.edu.in की कूटरचित वेबसाइट www.upmsp-edu.in बनाकर एवं वेबसाइट पर अवैध रूप से विद्यार्थियों/अभिभावको को अनुचित भुगतान के माध्यम से ठगी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज, श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था कमिश्नरेट प्रयागराज, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त गंगानगर/नोडल साइबर क्राइम कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देशन में एवं श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम कमिश्नरेट प्रयागराज के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना प्रयागराज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-46/2025 धारा-318(4)/319(2)/338/336(3)/340(2)/61(2)/112 भा0न्या0सं0 व 66(D)/74/84(सी) आई0टी0 एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त 1. मो0 राशिद पुत्र स्व0 हकीमुद्दीन स्थाई पता हरसौली थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर हालपता 3/71 गली नं0 08 रमेश पार्क लक्ष्मी नगर दिल्ली 2. समीर पुत्र स्व0 अली मोहम्मद स्थायी पता ईदगाह कॉलोनी पक्का घाट थाना बागपत जिला बागपत उत्तर प्रदेश हालपता जे-555 गली नं0 01 बुध बाजार स्वरुप नगर दिल्ली को साइबर क्राइम थाना पुलिस टीम द्वारा दिनांक-06.04.2026 को गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। मुकदमा उपरोक्त से सम्बंधित 05 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है।

घटना का विवरण-

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओरिजिनल वेबसाइट www.upmsp.edu.in की कूटरचित वेबसाइट www.upmsp-edu.in बनाकर एवं वेबसाइट पर अवैध रूप विद्यार्थियों/अभिभावको को अनुचित भुगतान के माध्यम से ठगी करने वाले गिरोह के काल सेन्टर का पर्दाफाश किये जाने के सम्बन्ध में।

अपराध का तरीका-

गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगणो से पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि हम लोग द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की ओरिजिनल वेबसाइट www.upmsp.edu.in की कूटरचित वेबसाइट www.upmsp-edu.in बनाकर तथा उ0प्र0 व अन्य प्रदेशो के भिन्न- 2 विश्वविद्यालय व तकनीकि शिक्षा बोर्ड की कूटरचित अंक पत्र,डिग्री,डिप्लोमा व प्रव्रजन प्रमाण पत्र बनाकर सम्पूर्ण भारत वर्ष में एजूकेशनल संस्थान/छात्र/छात्राओं को वितरित करते है। गिरोह के अन्य सदस्यों द्वारा फर्जी अंक पत्र,डिग्री,डिप्लोमा व प्रव्रजन प्रमाण पत्र मांग के अनुरूप स्वयं बनाकर व कलर प्रिंटआउट निकालकर फर्जी मोहर लगाकर एजूकेशनल संस्थान/छात्र/छात्राओं दे देते थे। फर्जी अंक पत्र,डिग्री,डिप्लोमा व प्रव्रजन प्रमाण पत्र की डिटेल मुख्य अभियुक्त शशि प्रकाश राय के माध्यम से कूटरचित www.upmsp-edu.in व अन्य वेबसाइट के डाटाबेस में अपलोड करा कर एजूकेशनल संस्थान/छात्र/छात्राओं को आनलाइन वेरिफाई करा देते थे। जिससे अंक पत्र/डिग्री/डिप्लोमा व प्रव्रजन प्रमाण पत्र के फर्जी होने की शंका एजूकेशनल संस्थान/छात्र/छात्राओं की दूर हो जाती थी।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-

1. मो0 राशिद पुत्र स्व0 हकीमुद्दीन स्थाई पता हरसौली थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर हालपता 3/71 गली नं0 08 रमेश पार्क लक्ष्मी नगर दिल्ली, उम्र करीब 34 वर्ष।
2. समीर पुत्र स्व0 अली मोहम्मद स्थायी पता ईदगाह कॉलोनी पक्का घाट थाना बागपत जिला बागपत उत्तर प्रदेश हालपता जे-555 गली नं0 01 बुध बाजार स्वरुप नगर दिल्ली, उम्र करीब 33 वर्ष।

सम्बन्धित अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-46/2025 धारा-318(4)/319(2)/338/336(3)/340(2)/61(2)/112 भा0न्या0सं0 व 66(D)/74/84(सी) आई0टी0 एक्ट थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट प्रयागराज।

अभियुक्त राशिद मलिक उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-591/2023 धारा-419/420/467/468/471 भा0द0सं0 थाना बागपत जनपद बागपत उ0प्र0।
2. मु0अ0सं0-46/2025 धारा-318(4)/319(2)/338/336(3)/340(2)/61(2)/112 भा0न्या0 सं0 व 66(D)/74/84(सी) आई0टी0 एक्ट थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट प्रयागराज।

अभियुक्त समीर उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-591/2023 धारा-419/420/467/468/471 भा0द0सं0 थाना बागपत जनपद बागपत उ0प्र0।
2. मु0अ0सं0-46/2025 धारा-318(4)/319(2)/338/336(3)/340(2)/61(2)/112 भा0न्या0 सं0 व 66(D)/74/84(सी) आई0टी0 एक्ट थाना साइबर क्राइम कमिश्नरेट प्रयागराज।

बरामदगी का विवरण-

* 04 एंड्रॉयड मोबाइल फोन मय 07 सिम।
* 190 फर्जी अंकपत्र, डिप्लोमा व प्रव्रजन प्रमाण पत्र।
* 01 लैपटाप।
* 04 फर्जी मोहर।
* 98 होलोग्राम।
* 01 पेन्ड्राइव।
* 01 पासबुक।
* 02 चेक बुक।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 ओम नारायण गौतम, साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. निरीक्षक मो0 आलमगीर, साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. उ0नि0 राहुल कुमार, साइबर सेल कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. उ0नि0 दीपक भाटी, साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज।
5. का0 प्रदीप कुमार यादव, साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज।
6. का0 विवेक यादव, साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज।
7. का0 रूप सिंह साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज।
8. का0 अनुराग यादव, साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज।
9. आरक्षी चालक राकेश कुमार, साइबर क्राइम थाना कमिश्नरेट प्रयागराज।